सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	श्रावण 26, बुधवार, शाके 1944-अगस्त 17, 2022 *Sravana 26, Wednesday , Saka 1944- August 17, 2022*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

कृषि (ग्रुप-2)विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अगस्त 01, 2022

संख्या प.4(14) कृषि/ग्रुप-2/2022 :-राजस्थान कृषि उपज विपणी अधिनियम, 1961 की धारा 3 के अन्तर्गत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य सरकार वर्तमान कृषि उपज मण्डी समिति बारां के क्षेत्र में से तहसील मांगरोल की समस्त 18 ग्राम पंचायतों (किशनपुरा, जलोदा तेजाजी, मालबमोरी, बमोरीकला, जारेला, मऊ, महलपूर, बोहत, छत्रपुरा, हिंगोनिया, ईश्वरपुरा, भटवाड़ा, सीसवाली, तिसाया, उदयपुरिया, रायथल, महुवा एवं शाहपुरा) के सम्पूर्ण क्षेत्र को पृथक कर एक नई कृषि उपज मण्डी समिति मांगरोल के नाम से स्थापित करने के आशय की घोषणा करती है।

इस संबंध में प्रत्येक आपत्ति अथवा सुझाव पर, जो इस अधिसूचना के राजस्थान राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से एक माह की अवधि में राज्य सरकार के पास पहुंचेगे, राज्य सरकार द्वारा उन आपत्तियों एवं सुझावों पर विचार किया जावेगा।

राज्यपाल की आज्ञा से,

नसीम खान,
शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।